उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 17.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः-17.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत अग्निशमन टीम महोबा द्वारा “अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह” के अंतर्गत चलाया जागरुकता अभियान, मॉकड्रिल में सिखाये आग बुझाने के तरीके, वितरित किये गये जागरुकता पम्पलेट्स...।

ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत शासन द्वारा चलाये जा रहे **“अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह”** के अंतर्गत आग से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर आज दिनांक- 16.04.2025 को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी के निकट पर्यवेक्षण में फायर सर्विस टीम महोबा द्वारा जनपद महोबा में तहसील सदर, चरखारी एवं कुलपहाड में अवस्थित व्यवसायिक संस्थान होटल, रेस्टोरेंट, पेट्रोल पंप एवं शिक्षण संस्थानों में जाकर वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया तथा वहाँ मौजूद स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं संबंधित को अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित उपकरणों को स्थापित किये जाने एवं उन उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों को मॉकड्रिल के माध्यम से बताया गया एवं सभी को अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुक करते हुए जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण किया गया।







## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार –

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक-16.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री अवधेश कुमार मिश्र द्वारा गठित की गई म0उ0नि0 निकिता शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त बाबूराम पुत्र लछुवा उम्र करीब 58 वर्ष निवासी ग्राम बसौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 प्लाष्टिक की बोरी में 21 अदद क्वार्टर देशी नाजायज शराब बरामद करते हुए बिलरही ढिकवाहा रोड के पास कस्बा श्रीनगर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 84/25 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

बाबूराम पुत्र लछुवा उम्र करीब 58 वर्ष निवासी ग्राम बसौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. म0उ0नि0 निकिता शुक्ला
2. हे0का0 अमरेश सिंह
3. हे0का0 ओमप्रकाश



# महोबा पुलिस



## थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक-17.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त खेमचन्द्र ढीमर पुत्र सुमेरा उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम थाना, थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा सम्बन्धित केश नं0 205/16 धारा 354/354ए/354बी/452/506 भादवि में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम थाना के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

खेमचन्द्र ढीमर पुत्र सुमेरा उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम थाना, थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार चौकी प्रभारी पसवारा
2. कां0 राजकुमार 3. का0 महिताप सिंह



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## SPEL Programme के सम्बन्ध में श्रीमान एडीजी रूल्स एंड मैनुअल्स महोदय द्वारा डीआईजी, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा एवं पुलिस अधीक्षक महोबा के साथ पुलिस लाइन मे समीक्षा बैठक की गयी, SPEL- 2.0 कार्यक्रम की प्रगति व बच्चों के प्रदर्शन को सराहा-

जनपद महोबा में भारत सरकार के युवा कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित स्टूडेंट पुलिस एक्सपिरिएंशल लर्निंग (SPEL) कार्यक्रम के अंतर्गत चलाये गये 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के उपरान्त आज दिनांकः- 17.04.2025 को रिज़र्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष, जनपद महोबा में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस महानिदेशक नियम एवं ग्रन्थ उत्तर प्रदेश, श्री एल0वी0 एंटनी देव कुमार द्वारा श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस एवं पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल की मौजूदगी में की गई।

इस दौरान SPEL-2.0 कार्यक्रम की प्रगति, प्रभाव और व्यवहारिक प्रशिक्षण के अनुभवों की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा छात्रों के अनुभवों को गंभीरता से सुना गया और उनके द्वारा प्राप्त ज्ञान, सामाजिक सहभागिता और नेतृत्व कौशल की सराहना की गई।

एडीजी श्री एल्वी एंटनी देव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि, “SPEL कार्यक्रम न केवल छात्रों को पुलिसिंग की वास्तविकताओं से अवगत कराता है, बल्कि उन्हें समाज में सक्रिय नागरिक भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करता है।” उन्होंने कार्यक्रम के विस्तार और इसकी गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर भी ज़ोर दिया।

डीआईजी श्री राजेश एस ने छात्रों को आगे भी सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने और कानून व्यवस्था में सहयोगी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की पहल से पुलिस और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार, पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री विषय देव बुन्देला, प्र0नि0 कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह सहित कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारीगण एवं प्रशिक्षित विद्यार्थी उपस्थित रहे।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम ने चलाया यातायात जागरुकता/चेकिंग अभियान, पढाया गया यातायात नियमों का पाठ।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने तथा जनपदवासियों में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता के उद्देश्य से प्रभारी यातायात महोबा श्री अरविन्द सिंह गौर के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में विशेष अभियान के तहत आज दिनांक- 17.04.2025 को प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा लोगों को जागरुक करते हुये सभी से अपील की जा रही है कि यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय हमेशा सुरक्षा मापदण्डों का पालन करें। साथ ही सम्बन्धित वाहन के विरुद्ध यातायात नियमों के तहत सीज/चालान की कार्यवाही की गयी है। जिससे लोगो में यह सन्देश जाये कि यातायात नियमों का पालन न करते हुए सड़क में चलना उचित नहीं है।

महोबा पुलिस आप सभी से अपील करती है कि अपनी जान को जोखिम में डालकर यात्रा न करें, यातायात नियमों का पालन करें, अपना तथा अपनों का जीवन सुरक्षित करें।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत अग्निशमन टीम महोबा द्वारा मॉकड्रिल में सिखाये आग बुझाने के तरीके, वितरित किये गये जागरुकता पम्पलेट्स...।

ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत आग से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर आज दिनांक- 17.04.2025 को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी के निकट पर्यवेक्षण में फायर सर्विस टीम महोबा द्वारा जनपद महोबा में तहसील सदर, चरखारी एवं कुलपहाड में अवस्थित व्यवसायिक संस्थान होटल, रेस्टोरेंट, पेट्रोल पंप एवं शिक्षण संस्थानों में जाकर वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया तथा वहाँ मौजूद स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं संबंधित को अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित उपकरणों को स्थापित किये जाने एवं उन उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों को मॉकड्रिल के माध्यम से बताया गया एवं सभी को अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुक करते हुए जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण किया गया।

इसी क्रम में स्कीम नंबर 3 एवं 5 के तहत जनपद में स्थापित आरआरसी होटल थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा होटल में मौजूद समस्त स्टाफ़ को होटल में स्थापित अग्निशमन उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं आग जैसी आपातकालीन घटनाओं से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया गया।







उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 17.04.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

- **नकली असलहों का प्रर्दशन करना 02 अभियुक्तों को पड़ा भारी, कबरई पुलिस ने गिरफ्तार कर निकाल दी हेकड़ी सारी।**
- **असली/नकली समझ कर करोगे खेल, तो जाना पडेगा जेल।**
- **अवैध शस्त्रों का प्रदर्शन करना आपके लिये घातक साबित हो सकता है।**

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण मे अवैध शस्त्रों का प्रयोग करने व प्रदर्शन करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपलान में थाना कबरई पुलिस टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी।

आज दिनांक 17.04.2025 को प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई के नेतृत्व में गठित पुलिसटीम के व0उ0नि0 मलखान सिंह द्वारा अवैध शस्त्रों का प्रदर्शन कर आमजनमानस में भय व्याप्त करने की कोशिश करने वाले 02 नफर अभियुक्तों 1.उमेश सिंह व 2. रामरतन यादव को पहरा रोड रेलवे अण्डर ब्रिज के पास से मय **(एक अदद नकली स्टेनगन व एक अदद नकली पिस्टलनुमा लाइटर)** के साथ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, उपरोक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 118/2025 धारा 28 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. व0उ0नि0 मलखान सिंह 2. कां0 धर्मेन्द्र कुमार 3. कां0 अशोक कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.उमेश सिंह पुत्र रामेश्वर प्रसाद उम्र करीब 40 वर्ष नि0मु0 गांधीनगर कचेहरी के बगल में थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

2. रामरतन यादव पुत्र श्री सुन्दर लाल यादव उम्र करीब 44 वर्ष नि0मु0 बघवा खोड़ कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा।

